संख्या-102/वि0सभा-01/84-1-2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग
उ0 प्र0 लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 26 नवम्बर,2013

विषय- श्री सुजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यालय सहायक विधिक माप विज्ञान, सिद्धार्थनगर व अन्य के विरूद्व प्राप्त शिकायत के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री जय प्रताप सिंह मा0सदस्य विधान सभा, सिद्धार्थनगर के पत्र दिनांक 12.11.2013 की छाया प्रति (मय संलग्नक) संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त प्रेषित पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं पर नियमानुसार जॉच कराते हुए बिन्दुवार जॉच आख्या स्पष्ट संस्तुति सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इनके अतिरिक्त सलग्नक के रूप मे जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्र दिनांक 28.03.2011 में उल्लिखित सिद्धार्थनगर में कार्यरत उक्त कार्मिकों के विरूद्व सहायक नियंत्रक गोरखपुर व उप नियंत्रक फैजाबाद द्वारा की गई जॉच पर संबंधित दोषी कार्मिकों के विरूद्व की गई कार्यवाही के विवरण सहित जॉच आख्या की प्रति सहित शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या तथा दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान गोरखपुर तथा उपनियंत्रक फैजाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत शिकायती पत्र पर आप द्वारा की गई जॉच की प्रमाणित छाया प्रति अपनी अभ्युक्ति सहित शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in